पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टेन सतीश शर्मा) : (क) से (ग) हजीरा की तथा एच बी जे पाइपलाइन मार्ग की मौजूदा बचनबद्धताओं को पूरा करने के लिए मध्य ताप्ती तथा दक्षिण ताप्ती से गैस हजीरा लाने के संबंध में निर्णय लिया गया है। गुजरात की परियोजनाओं के लिए 21.2.1 एम एम एस सी एस डी गैस की मात्रा के लिए आवंटन किया गया है जो किसी भी राज्य से सर्वाधिक है।

गांवों और कस्बों में गैस एजेंसियां खोला जाना

2190. **श्री रामजी लाल : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार गांवों में पेट्रोलियम उत्पाद उपलब्ध करा कर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विषमताओं को दूर करने की किसी योजना पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो जिन गांवों/कस्बों में वर्ष 1994 के दौरान सरकार ने गैस ऐजेंसियां खोली हैं उनका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार साथ-साथ लगने वाले गांवों की आबादी को जोड़कर उसे एक ग्रामीण इकाई मानते हुए 20,000 तक की आबादी वाले गांवों में गैस ऐजेंसियां खोल रही है या खोलने पर विचार कर रही है ;

(घ) यदि हां तो इस संबंध में और विशेष रूप से हरियाणा के हिसार जिले और आदमपुर कस्बे के बारे में ब्यौरा क्या है ;

(ङ) यदि नहीं तो क्या इससे गांवों और शहरों के बीच मौजूद विषमता और बढ़ेगी ; और

(च) सरकार इस विषमता को दूर करने के लिए क्या कदम उठा रही है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) से (च) पेट्रोल, डीजल तथा केरोसीन डीलरशिपें देश के विभिन्न क्षेत्रों शहरी तथा ग्रामीण दोनों ही में मांग संभाव्यता, आर्थिक व्यवहार्यता तथा अन्य मात्रा-दूरी मानकों के आधार पर नियोजित एवं स्थापित की जाती हैं। तथापि उत्पाद की सीमित उपलब्धता के कारण एल पी जी (रसोई गैस) डिस्ट्रीब्यूटरशिपें उन जिला मुख्यालयों में जहां यह नहीं है तथा 20,000 और इससे अधिक आबादी वाले नगरों में चरण बद्ध तरीके से मांग संभाव्यता, आर्थिक व्यवहार्यता तथा उत्पाद की उपलब्धता होने पर नियोजित एवं स्थापित की जाती है। सामान्यतया वर्तमान में एल पी जी (रसोई गैस) सुविधा को ग्रामीण क्षेत्रों में दिए जाने के संबंध में कोई नीति नहीं है।

अतिरिक्त रिफाइनरियों तथा एल पी जी (रसोई गैस) उपलब्धता में वृद्धि करने के लिए आयात सुविधाओं को स्थापित करने के संबंध में तेल उद्योग द्वारा योजनाएं तैयार की गई हैं। इसके अलावा सरकार ने एल पी जी (रसोई गैस) आयात करने के संबंध में निजी विपणनकर्ताओं को भी अनुमति दी है। इन कार्यों से 1997-98 से आगे एल पी जी (रसोई गैस की उपलब्धता में सुधार आना प्रत्याशित है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी एल पी जी (रसोई गैस) का विपणन हो सकेगा।

बाटलिंग संयंत्रों द्वारा सिलिंडरों में कम मात्रा में गैस का भरा जाना

2191. **श्री रामजी लाल : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बाटलिंग संयंत्र गैस एजेंसियों को प्रति सिलडर 14.2 किलोग्राम की क्षमता से प्रति सिलेंडर कम गैस की सप्लाई कर रहे हैं ;